सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 10 अग्रहायण, 1939 (श0) / 1 दिसम्बर, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 132**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 67 |
| (2) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 35 |
| (3) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 11 |
| (4) पर्यटन विभाग | .. | .. | 14 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 04 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 132 |

राहत राशि देना

*351. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में 12 एवं 13 अगस्त, 2017 को भीषण बाढ़ आई थी, जिसमें प्रभावित परिवार को बाढ़ राहत देने की घोषणा बिहार सरकार ने की थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत सिंगवाहिनी पंचायत में बाढ़पीड़ितों की सूची में बहुत सारे बाढ़ प्रभावित लोग छूट गये थे, जिन्होंने अपना आवेदन जिला पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को दिया था, जिसकी जाँच अभीतक नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वंचित बाढ़ प्रभावित परिवार को बाढ़ राहत राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का भुगतान

*352. डॉ0 फराज फातमी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी एवं सिंहवाड़ा प्रखण्डों में चक्रवाती तुफान एवं ओलावृष्टि से वर्ष 2017 में क्षतिग्रस्त फसल के लिये कृषि विभाग की अनुशंसा पत्र सं0 1956, दिनांक 11 मई, 2017 के आलोक में 3.40 करोड़ रु0 दरभंगा जिला को आवंटित किया गया था, परन्तु राशि का वितरण आजतक उक्त प्रखण्डों के पीड़ित किसानों को नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों के किसानों को फसल क्षति का मुआवजा राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*353. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोचस में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण की स्वीकृति सरकार के द्वारा वर्ष 2015 में मिली है, जिसका भवन का निर्माण अबतक नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन नहीं होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा ग्रामीणों को नहीं मिल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोचस के भवन निर्माण कराने की विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा उपलब्ध कराना

*354. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत मधुकरचक पंचायत के वार्ड नं0 9 परमानन्दपुर में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य चार वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुआ था, लेकिन भवन का निर्माण अभीतक पूर्ण नहीं हो सका है, जिससे लाचार एवं ग्रामीण रोगियों को चिकित्सा सुविधा प्राप्त नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र, परमानन्दपुर के भवन का निर्माण कार्य पूरा कराकर रोगियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*355. श्री विरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्ड के नाऊर पंचायत, मझियावां पंचायत, पीपरा पंचायत, ढेंगो पंचायत की विद्युत् आपूर्ति बड़ेम फीडर से होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायतों के दर्जनों गाँवों से फीडर की दूरी अधिक होने के कारण विद्युत् आपूर्ति में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नाऊर, बौली ग्राम में गैर मजरूआ जमीन पर एक पावर सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*356. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को वित्तीय वर्ष 2015-16 में उत्क्रमित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का निर्णय लिया गया था, जिनमें से पाँच प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कर दिया गया है परन्तु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोह को उत्क्रमित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगवाना

*357. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत चेरकी स्थित पावर सब-स्टेशन के विशुनपुरा फीडर से चेरकीडीह, विशुनपुरा, धान्धोपुर, दरियापुर इत्यादि गाँवों में बिजली की आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पावर सब-स्टेशन में विशुनपुरा फीडर को बिजली आपूर्ति की जानेवाली ट्रांसफॉर्मर का पावर क्षमता 5 एम0 भी0 ए0 का रहने के कारण बिजली आपूर्ति हमेशा बाधित रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विशुनपुरा फीडर को बिजली आपूर्ति की जानेवाली 5 एम0 भी0 ए0 का ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर अधिक क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुधार कराना

*358. श्री (डॉ०) अशोक कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''गलत बिजली बिल देख भड़के लोग'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि० अन्तर्गत विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, रोसड़ा (शहरी) समस्तीपुर द्वारा विगत एक वर्ष से उपभोक्ताओं को 5 से 10 लाख रुपये तक का गलत बिजली बिल दिया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्युत् प्रमंडल अन्तर्गत उपभोक्ता संख्या 11410013304, मीटर संख्या 1656 को दिसम्बर, 2016 से फरवरी, 2017 तक कुल 11 लाख 25 हजार 458 रुपये तथा सितम्बर, 2017 में पुन: 6 लाख 59 हजार 162 रुपये का बिल भुगतान हेतु भेजा गया है, जिसमें संशोधन हेतु उपभोक्ता द्वारा लिखित शिकायत प्रबंध निदेशक, एन०बी०पी०डी०सी०एल०, बिहार, पटना को दिनांक 16 अक्टूबर, 2017 को करने के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बार-बार गलत बिजली बिल भेजकर उपभोक्ताओं को मानसिक, शारीरिक तथा आर्थिक रूप से परेशान करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई एवं विपत्र में कबतक सुधार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा की राशि दिलाना

*359. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सहदेई बुजुर्ग प्रखण्ड अन्तर्गत पोहियार पंचायत के रामपुर, बघेल ग्राम में समहौता चौर में खेत जोतने के क्रम में विद्युत् तार की चपेट में आने से चन्द्रशेखर राय एवं उनके दो बैलों की मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त व्यक्ति के परिवार को उचित मुआवजा देने हेतु तत्कालीन मंत्री कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के कार्यालय के पत्रांक 3, दिनांक 6 नवम्बर, 2017 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार विद्युत् कम्पनी को पत्र दिया गया था लेकिन पीड़ित को आजतक मुआवजा की राशि नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित को अभीतक मुआवजा नहीं देने के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये पीड़ित के परिवार को उचित मुआवजा की राशि दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*360. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड के कुरकुरी पंचायत के पीपरा ग्राम में 25 वर्षों से उप-स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन भवन के अभाव में निजी बैठका में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इलाज के क्रम में मरीजों को काफी कठिनाई होती है, जबकि उक्त ग्राम में आँगनबाड़ी केन्द्र के पास प्रचुर मात्रा में सरकारी जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन कराना

*361. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल में पिछले छः माह से एनेस्थेसिया का चिकित्सक नहीं रहने के कारण शल्य चिकित्सा कार्य बंद है, जिससे रोगियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त अस्पताल में एनेस्थेसिया चिकित्सक का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*362. श्रीमती गुजलार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल, फुलपरास में 30 डॉक्टरों के पद सृजित हैं और मात्र तीन नियमित डॉक्टर कार्यरत हैं परंतु अस्पताल परिसर में एक भी चिकित्सक के रहने के लिये आवास निर्मित नहीं है न किसी स्वास्थ्य कर्मी का आवास ही निर्मित है, जिसके कारण डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी भारी परेशानी में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिये आवास का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*363. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कोढ़ा प्रखण्ड मुख्यालय, गेड़ाबाड़ी में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राष्ट्रीय उच्च पथ 31 के किनारे अवस्थित होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को इलाज हेतु लाये जाते हैं लेकिन संसाधन के अभाव में बेहतर इलाज नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को रेफरल अस्पताल में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मशीन लगाना

*364. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, गोपालगंज में सरकारी स्तर पर बहुत ही छोटा अल्ट्रासाउंड मशीन तथा आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक्स-रे की व्यवस्था है, जिससे मरीजों की समुचित जाँच नहीं हो पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा टेक्निशियन से एक्स-रे कराया जा रहा है जबकि चिकित्सक द्वारा ही एक्स-रे किया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सदर अस्पताल, गोपालगंज में अल्ट्रासाउंड मशीन बदलने तथा सरकारी स्तर पर एक्स-रे मशीन लगाकर मरीजों की जाँच करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुनर्वासित कराना

*365. <u>श्री नीरज कुमार</u>--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी एवं कुरसैला अंचल में प्रतिवर्ष गंगा, कोसी एवं वरण्डी नदियों का कटाव होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के कटाव से बरारी एवं कुरसैला अंचल के 10 हजार परिवार विस्थापित हो गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त 10 (दस) हजार परिवारों को कबतक पुनर्वासित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*366. <u>श्री अशोक कुमार</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रा० स्वा० केन्द्र भवन अब पुराना होकर जर्जर हो गया है, जिससे स्थानीय मरीजों के इलाज में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ नये भवन का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बायो टॉयलेट का अधिष्ठापन

*367. <u>श्री मनोज कुमार</u>--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास निधि से सारे सुविधाओं के साथ जन-सुविधायुक्त सार्वजनिक बायो टॉयलेट का अधिष्ठापन करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

प्रतिनियुक्ति करना

*368. <u>श्रीमती गायत्री देवी</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत नरंगा गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक-स्वास्थ्य केन्द्र बनकर तैयार है, जिसमें चिकित्सीय कार्य आरम्भ नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नरंगा अतिक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को पदस्थापित नहीं किये जाने से मरीजों को दूर जाकर इलाज कराना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरंगा में चिकित्सीय कार्य आरम्भ कराने के साथ चिकित्सक तथा कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*369. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सोनो प्रखंड के पिपराबांक, कटावत, कटहरा टांड, सिमरा टीलहा, बरहाबांक, मंगरार तथा चकाई प्रखंड के हरला, लकड़ा, खुटुमों, हरदीतरी, शुकुल बथान, गोवरदहा, गरहों, रंगनियाँ, कारूगन बेड़ा आदि गाँवों में दीन दयाल ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य आजतक नहीं होने से ग्रामीणों में असंतोष की भावना जागृत हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य कबतक आरम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*370. डॉ० सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर प्रखंड स्थित मानसिक आरोग्यशाला में 50 ए०एन०एम० (नर्सिंग स्टाफ) का पद स्वीकृत है, स्वीकृत पद में मात्र 7 नर्सिंग स्टाफ कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में रिक्त पदों पर ए०एन०एम० (नर्सिंग स्टाफ) की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

**डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति**

***371. श्री श्याम बाबु प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तेतरिया प्रखंड में एक ही स्वास्थ्य केन्द्र है, जिसका भवन जर्जर है और डॉक्टरों की कमी है, जिसके कारण प्रखंड के ९ पंचायतों के आम जनता को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भवन का जीर्णोद्धार एवं डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति कर स्वास्थ्य केन्द्र को सुचारू रूप से चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?**

राशि का भुगतान

*372. श्री (मो०) तौसीफ आलम--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 नवम्बर, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''भैंस ने रौंदकर महिला की जान ली'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बहादुरगंज प्रखंड के गोपालपुल गाँव निवासी रंभा देवी, पति-नकुलदेव सिंह बेटी के यहाँ रहमानगंज गयी थी, जहाँ भैंसा के हमले से घायल हो गई, लोगों के द्वारा महिला को अस्पताल ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घटना में मृत महिला के परिजन को आपदा की श्रेणी में मानते हुये मुआवजा राशि का भुगतान कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-केन्द्र का निर्माण

*373. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत नवाबगंज विद्युत् उप केन्द्र का निर्माण कार्य वर्ष 2009 में प्रारंभ हुआ था परन्तु कार्य बिल्कुल मंद गति से चलने के कारण मनिहारी और आस-पास के लोगों को लो-वोल्टेज से त्राण नहीं मिल पा रहा है जबकि कार्य 2010 तक पूर्ण होना था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-केन्द्र का निर्माण कार्य में गति लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलना

*374. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के बिरौल गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने के कारण उक्त गाँव के आस-पास के लोगों को इलाज हेतु 6 कि0मी0 दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बिरौल गाँव में एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*375. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया मुख्यालय में एल0ई0ओ0 के कार्यपालक अभियंता का स्थायी पदस्थापन नहीं रहने के कारण विधायकों द्वारा विकास मद की राशि का सही समय पर सदुपयोग नहीं हो पाता है जिससे क्षेत्र के अधिकतम विकास कार्य लम्बित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार जिला मुख्यालय अररिया में स्थायी रूप से कार्यपालक अभियंता, योजना एवं विकास विभाग का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*376. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मध्यप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों की भाँति पैरामेडिकल काउन्सिल का गठन करने हेतु मेडिकल लेबारेट्री टेक्नोलॉजीस्ट्स द्वारा वर्ष 2006 में आवेदन दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में विभिन्न राज्य के काउन्सिल से सूचनाएँ मँगाने के उपरान्त निदेशक, लोक स्वास्थ्य संस्थान की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कंस्टीच्यूशन ऑफ रूल एंड रेगुलेशन तैयार कर विभाग भेज दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार के द्वारा उक्त कन्स्टीच्यूशन पर अभीतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

मानक के अनुसार कार्य कराना

*377. श्री (मो0) आबेद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत पोठिया प्रखंड के फाला पंचायत में ऊर्जा विभाग द्वारा सब-स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण स्थल पर प्राक्कलन राशि का बोर्ड नहीं लगाया गया है और संवेदक मानक के अनुसार कार्य नहीं कर रहा है ;

(3) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच कराते हुये मानक के अनुसार कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*378. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली प्रखंडान्तर्गत ग्राम-दोन में वर्ष 1991 में आई0पी0पी0 मद से रेफरल अस्पताल बनाने का कार्य प्रारंभ हुआ है जो अभीतक अर्द्धनिर्मित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन सिविल सर्जन ने अपने पत्रांक 1693, दिनांक 18 दिसम्बर, 2012 एवं दिनांक 16 जुलाई, 2013 द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रखंड, सीवान को भवन के जीर्णोद्धार हेतु प्राक्कलन तैयार करने का अनुरोध भी किया गया है परन्तु अभीतक इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अर्द्धनिर्मित भवन का कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

गाद की सफाई

*379. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुलतानगंज में गंगा नदी में अजगैबीनाथ मंदिर स्थित है जहाँ नदी में गाद भर जाने के कारण मंदिर नदी के मध्य से नदी के किनारे हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मात्र 200 मीटर गाद की सफाई नहीं किये जाने के कारण पर्यटन के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र अब समाप्ति के कगार पर है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर गाद की सफाई कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*380. डॉ0 रंजु गीता--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बाजपट्टी विधान सभा अन्तर्गत बाजपट्टी नानपुर एवं बोखड़ा प्रखंड के बनतारा, मुरलीयाडिह, बलभिसवा, चिनगीतकिया, बसहा, बेंगराहा, विशनपुर, पटदौरा, शिवाईपट्टी, बाजितपुर, विरार, पोखरैरा, बालासाथ, भलोहिया (भदियन), बाजपट्टी गोट, बांहा बहेरा, आहिदपुर इत्यादि गाँवों में विद्युतीकरण नहीं होने के कारण स्थानीय ग्रामीण अंधकार में जीवन व्यतीत करने पर विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित तीनों प्रखंडों के गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा बहाल करना

*381. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इसलामपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेल्हाड़ा एवं कोशियावाँ की घेराबन्दी एवं बुनियादी सुविधा से वंचित है, जिसके कारण लोग इलाज कराने के क्रम में आवारा पशुओं से परेशान रहा करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पद के अनुरूप स्वास्थ्य कर्मियों का भी अभाव है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों की घेराबन्दी कराने के साथ बुनियादी सुविधा बहाल कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

क्षमता बढ़ाना

*382. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के अमनौर प्रखण्ड अन्तर्गत परमानन्द छपरा स्थित विद्युत् उप-केन्द्र की वर्तमान क्षमता 15 के0 भी0 ए0 का है, जिससे लघु उद्योग को पर्याप्त विद्युत् नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्युत् उप-केन्द्र की क्षमता को बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य नहीं कराने का औचित्य

*383. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के अमनौर प्रखण्ड अन्तर्गत रेपुरा पंचायत के सराय बक्स बड़ा पोखरा पर एक उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन लगभग 3 वर्ष पूर्व से बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र में अभीतक चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी की नियुक्ति नहीं हुई है, जिसके कारण उप स्वास्थ्य केन्द्र में आम लोगों का इलाज प्रारम्भ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण हो जाने के बावजूद चिकित्सा कार्य नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---

भवन का निर्माण

*384. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड के काउप पंचायत के ग्राम-देवढ़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन 10 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण रहने के कारण भवन ध्वस्त होने के कगार पर है, जिसके कारण चिकित्सक/कर्मीगण को मरीजों का इलाज के क्रम में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थान पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र को 24 घंटा चलाना

*385. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 24 घंटा चालू करने का निर्देश माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा वर्ष 2016 में दिया गया था, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार बक्सर शहर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 24 घंटा चलाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*386. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत पचरूखा राजस्व ग्राम एंव बनकटवा प्रखंड अंतर्गत निमोईया राजस्व ग्राम के अधीन है, उक्त दोनों ग्रामों में E.M.C. कंपनी द्वारा विगत 18 माह से विद्युतीकरण का कार्य काफी धीमी गति से करने के चलते कार्य अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है उक्त ग्राम के बगल में ही अन्य राजस्व ग्रामों में SGPIL कंपनी द्वारा विद्युतीकरण का कार्य मात्र 6 माह में ही पूर्ण कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कंपनी की कार्यों की जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई के साथ अन्य कंपनी से विद्युतीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*387. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर प्रखंड में स्थित कोइलवर मानसिक अरोग्यशाला हॉस्पिटल में छः (6) एम0 बी0 बी0 एस0 चिकित्सक का पद स्वीकृत है, स्वीकृत पद के विरुद्ध एक भी एम0 बी0 बी0 एस0 चिकित्सक कार्यरत नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में रिक्त पदों पर चिकित्सक का कबतक प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जर्जर तार बदलाना

*388. श्री महबुब आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर विधान सभा क्षेत्र में 35 वर्ष पूर्व विद्युतीकरण के तहत लगाए गये 11 हजार वोल्ट का विद्युत् तार जर्जर हो जाने के कारण काफी दुर्घटना हो रही है और इन दुर्घटनाओं से काफी जान-माल की क्षति हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुराने व जर्जर हो चुके तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*389. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीवरावाँ प्रखण्ड मुख्यालय से 12 कि०मी० दूर धमौल थाना एवं बाजार में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र स्थित है जहाँ एम०बी०बी०एस० डॉक्टर नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र प्राय: बंद रहता है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक डॉक्टर का पदस्थापन कर उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को नियमित रूप से चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*390. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत प्रखंड उदाकिशुनगंज के अधीन ग्राम पंचायत, मंजोरा के ग्राम-मंजौरा बाजार में एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति जिला संचालन समिति, मधेपुरा एवं राज्य संचालन समिति द्वारा वर्ष 2007 के अगस्त माह में मिली थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-मंजौरा, जिला-मधेपुरा एवं जिला पूर्णियाँ के सीमा पर अवस्थित है तथा यहाँ जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण के साथ चिकित्सकों के पदस्थापन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विकसित करना

*391. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के महेश्वरी गाँव स्थित शिव मंदिर एवं सोनो प्रखंड के गाण्डा में ब्रह्म स्थान का प्रसिद्ध मंदिर है जहाँ सप्ताह में हजारों लोग पूजा-अर्चना के लिये आते-जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थलों को पर्यटक स्थल के रूप में कबतक विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण कराना

*392. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत कटिहार प्रखण्ड के हफलागंज गाँव, में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण नहीं होने से चिकित्सा कार्य में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के निर्माण का कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सुनिश्चित कराना

*393. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा विधान सभा क्षेत्र के जमीरा गाँव की आबादी 15,000 से अधिक है, जहाँ प्राथमिक अस्पताल का भवन एवं चहारदीवारी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं इसके निर्माण हेतु भवन का निर्माण विभाग के द्वारा डी०पी०आर० आठ माह पूर्व भेजा जा चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल का भवन अव्यवस्थित रहने के कारण इस अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अस्पताल का जीर्णोद्धार कर डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सक की नियुक्ति

*394. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत महिषी प्रखण्ड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुन्दह एवं तेलवा पिछले 15 वर्षों से बन्द रहने के कारण स्थानीय लोगों को इलाज में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दोनों अस्पताल में चिकित्सक की नियुक्ति कर अस्पताल को कबतक चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना पूर्ण कराना

*395. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2008-09, 2009-10 एवं 2010-11 में विधायक योजना मद से उत्तरी मोहड़ा एवं नीमचक बथानी प्रखंड में योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन योजनाओं की कार्यकारी एजेंसी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल-2, शेरघाटी को बनाया गया है, जिसके पास लंबित कार्यों की अवशेष राशि पड़ी हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जाँचोपरान्त लंबित योजनाओं को पूर्ण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*396. श्री विजय शंकर दूबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत जलालपुर प्रखंड के ग्राम-जी०एस० बंगरा के धर्मेन्द्र प्रसाद, पिता-लालबाबू प्रसाद की मृत्यु दिनांक 28 फरवरी, 2017 को विद्युत स्पर्शाघात से हो गयी थी, परन्तु आजतक नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा मृतक के परिजन को चार लाख रुपये मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## तार पोल लगाना

*397. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखंड के सलमपुर पंचायत के सलमपुर ग्राम एवं पुरनचक दो सटे गाँव में पोल एवं तार नहीं रहने से वहाँ के ग्रामीणों को विद्युत् आपूर्ति में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ के जनता पोल के अभाव में बांस गाड़ कर विद्युत् की आपूर्ति का लाभ लेते हैं तथा पुरानी तार रहने से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त स्थान पर कबतक तार एवं पोल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## प्रतिनियुक्ति कराना

*398. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलानें की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसबा में एक पद ड्रेसर एवं एक पद फार्मासिस्ट का विगत 5 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पदों पर कबतक प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*399. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसबा में शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण छोटे बच्चों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में शिशु रोग विशेषज्ञ को कबतक प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## निर्माण कराना

*400. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत दिवारी मतौना पंचायत के ग्राम-चकनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं होने के कारण 6 हजार ग्रामीण जनता को 7 कि०मी० की दूरी तय कर इलाज कराने के लिये दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे इलाज के क्रम में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का जीर्णोद्धार

*401. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के रेफरल अस्पताल का भवन जर्जर हो चुका है तथा अस्पताल के वार्ड, ओ०टी० कक्ष के छत एवं एन०बी०एस०यू० कक्ष के छत से प्लास्टर टूट कर गिरता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल के भवन की मरम्मती के संबंध में दिनांक 18 सितम्बर, 2017 को अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का पत्र सिविल सर्जन, दरभंगा को भेजा जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रेफरल अस्पताल, जाले के भवन के जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

परियोजना चालू कराना

*402. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अगानूर, बेलसार वलिदाद व अरवल में बिहार स्टेट हाइड्रोइलेक्ट्रीक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से संचालित जल विद्युत् निगम परियोजना बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन परियोजनाओं को चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

रख रखाव की व्यवस्था

*403. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड के बेलवा गाँव में एक प्राचीन सरस्वती मंदिर है जहाँ हर वर्ष बसंतपंचमी के अवसर पर मेला लगता है तथा सालों भर पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ऐतिहासिक सरस्वती मंदिर के उचित रख-रखाव के अभाव में मंदिर जीर्ण शीर्ण हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मंदिर स्थल को पर्यटन स्थल का दर्जा देकर उचित रख रखाव की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*404. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी अनुमंडल की स्थापना 28 दिसम्बर, 1994 में हुई थी, परन्तु अभीतक अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना नहीं की जा सकी है यदि हाँ, तो सरकार गया जिला के टिकारी अनुमंडल में अनुमंडलीय न्यायालय का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*405. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी अनुमंडलीय अस्पताल और कोंच प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से विगत एक वर्ष में कई चिकित्सकों का स्थानान्तरण दूसरे स्थान पर कर दिया गया है, परन्तु स्थानान्तरित चिकित्सकों के स्थान पर अन्य किसी भी चिकित्सकों को पदस्थापित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार टिकारी अनुमंडलीय अस्पताल और कोंच प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रिक्त पदों पर कबतक चिकित्सकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापना करना

*406. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, फुलपरास में चिकित्सकों के तीस पद सृजित हैं, परंतु वर्तमान में मात्र तीन नियमित चिकित्सक पदाधिकारी कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल, फुलपरास एन०एच० 57 से बिल्कुल सटा हुआ है, एन०एच० पर दुर्घटना बहुतायत मात्रा में होते रहती है, ऐसी स्थिति में पदस्थापित चिकित्सक सदैव परेशानी झेलते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सभी सृजित पदों पर चिकित्सकों का पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि देना

*407. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 15 अगस्त, 2017 को गण्डक नदी के किनारे गोपालगंज जिले में बाँध टूटने के कारण बैकुण्ठपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी 42 पंचायतों की लाखों जनता बाढ़ प्रभावित हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा अधिकांश बाढ़पीड़ितों को अनाज का पैकेट और प्रति परिवार 6,000 रु० की राशि आवंटित की गयी है, जो अबतक सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों को नहीं मिल पाई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पंचायत अनुश्रवण समितियों द्वारा भेदभाव पूर्ण सूची बनाने के कारण हजारों बाढ़ पीड़ित परिवार अबतक बाढ़ सहायता राशि से वंचित हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूरे बैकुण्ठपुर विधान सभा क्षेत्र के बाढ़पीड़ितों को बाढ़ सहायता राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा बहाल करना

*408. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड के शेर ग्राम पंचायत में सैकड़ों वर्ष पुराना पुरूषोत्तम नाथ मंदिर अवस्थित है, जहाँ सालोंभर पर्यटक आते रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर के प्रांगण में 11 एकड़ जमीन उपलब्ध है, जिसपर लगातार असामाजिक तत्वों के द्वारा अतिक्रमण हो रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक यह मंदिर पर्यटक सुविधाओं से अभीतक वंचित हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मंदिर के प्रांगण को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये पर्यटकों के लिये बुनियादी सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण कराना

*409. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के धनछीहा, तिलयुगा नदी पर जल विद्युत् उत्पादन परियोजना, निर्मली के द्वारा 2010 में 8 मेगावाट पन बिजली परियोजना का निर्माण कार्य आरम्भ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 2013 में अधूरा कार्य कराकर परियोजना का कार्य रोक दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त परियोजना का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्थित करना

*410. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत कजरा से गोरगामा होते हुये एकौना, कुरेठा तक बिजली के पोल में लगा तार लटक कर जमीन से करीब 1 फुट की ऊँचाई पर आ गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तार को व्यवस्थित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रॉमा सेंटर स्थापित कराना

*411. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 के पूर्वार्द्ध में पूरे देश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयी परंतु असम, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा एवं बिहार में 2 से 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज हेतु राज्य में एक भी ट्रॉमा सेंटर नहीं रहने के कारण गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को तात्कालिक इलाज नहीं मिल पाता है जिसके कारण अधिकांश व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में कबतक ट्रॉमा सेंटर स्थापित कराने का विचार रखती है ?

---------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*412. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंड अन्तर्गत आर०टी० मोहन पंचायत में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण लोगों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चादर बिछवाना

*413. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के सभी अस्पतालों सहित प० चम्पारण जिला के महारानी कुंअर अस्पताल, बेतिया सदर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नौतन एवं बैरिया में सप्ताह भर सभी बेडों पर सतरंगी चादर बिछाने का प्रावधान है, लेकिन मरीजों के बेडों पर सतरंगी चादर उपलब्ध नहीं कराया जाता है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में प्रावधान के अनुसार सतरंगी चादर बिछवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति करना

*414. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के कहलगाँव सन्हौला, पीरपैंती एवं गोराडीह प्रखण्डों में दिनांक 1 जनवरी, 2014 से विद्युतीकरण कार्य बंद पड़ा है, जिसके कारण छूटे हुये गाँवों का विद्युतीकरण कार्य अबतक प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त प्रखण्डों के जर्जर विद्युत् पोल-तार नहीं बदले गये हैं, जिससे अप्रिय घटना घटित होने के भय व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार की आगामी वित्तीय वर्ष तक हर गाँव एवं हर घर को विद्युत् आपूर्ति कराने की क्या कार्य योजना है ?

--------

भवन का निर्माण

*415. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत गोराडीह प्रखंड के सालपुर पंचायत के कासिल ग्राम में वर्ष 1985 से स्वास्थ्य उप-केन्द्र कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कासिल स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण हेतु वर्ष 1999 में अंचल से अनापत्ति प्रमाण-पत्र विभाग को प्राप्त हो चुका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कासिल उप-स्वास्थ्य केन्द्र से गोराडीह और सबौर प्रखंड के पंचायतों के लगभग 5000 की आबादी को लाभ होता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कासिल स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*416. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है तथा चिकित्सकों एवं उपस्करों की कमी है, जिससे असरगंज प्रखंड के अलावा कई पंचायत के मरीजों का इलाज, प्रसव, टीकाकरण इत्यादि में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित कर रेफरल अस्पताल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*417. श्री सैयद अबु दोजाना--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत रधाऊर पंचायत के ग्राम-रधाऊर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं होने के कारण 5 हजार आबादी ग्रामीण जनता को 6 कि०मी० की दूरी तय करके इलाज कराने हेतु सुरसंड प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है जिससे ग्रामीण जनता को काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*418. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अलौली का 30 शय्या वाला भवन निर्माण के सम्बन्ध में दो वर्ष पूर्व टेंडर हुआ था, लेकिन सम्वेदक द्वारा स-समय निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका और योजना स्थगित हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*419. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमान नगर प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंरया का भवन जर्जर है जिससे कभी भी कोई अनहोनी होने की संभावना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर भवन के स्थान पर नये भवन के निर्माण हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य के द्वारा दिनांक 6 जून, 2016 को माननीय मंत्री स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध किया गया है, परंतु अभीतक भवन निर्माण की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अंरया के जर्जर भवन के स्थान पर नये भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*420. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ठाकुरगंज में तीस बेड वाले स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु दो वर्ष पूर्व ही निविदा हो चुका है, परन्तु निर्माण कार्य अबतक प्रारम्भ नहीं हो पाया है यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ठाकुरगंज के भवन निर्माण का कार्य आरम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवनों का जीर्णोद्धार

*421. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली एवं खगड़िया प्रखण्ड में जर्जर स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवनों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है, नर्स एवं ड्रेसर को भी रहने की व्यवस्था नहीं है, जिला स्तर से गत वर्ष उक्त जर्जर भवनों की सूची विभाग को भेजी गयी थी, लेकिन अभीतक मरम्मती का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार जर्जर स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवनों का जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पोस्टमार्टम की व्यवस्था

*422. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर अनुमंडल स्थित रेफरल अस्पताल में शवों के पोस्टमार्टम की व्यवस्था नहीं रहने के चलते उक्त क्षेत्र की जनता को शवों के पोस्टमार्टम हेतु 60 किलो मीटर की दूरी तयकर छपरा जाना पड़ता है, जिससे समय की बर्बादी के साथ-साथ उनको आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सोनपुर स्थित अनुमंडल अस्पताल में शवों के पोस्टमार्टम् की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् की आपूर्ति

*423. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड के चाँदचौर मध्य पंचायत अन्तर्गत चपता (मखनियाँ) टोला, वार्ड 4 में बी0 आर0 जी0 एफ0 फेज ।। अन्तर्गत मुख्य अभियंता (परियोजना दिनांक 29 जून, 2017) को पत्र निर्गत कर प्लान (बी0 आर0 जी0 एफ0) द्वारा विद्युतीकरण का कार्य जुलाई, 2017 में पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया था, किन्तु अभीतक केवल पोल गाड़ा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बजाज कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा पोल एवं तार बचाने के इरादे से मखनियाँ टोला के दक्षिण में पोल गाड़ा गया है, जबकि टोला के पूरब से ।। हजार वोल्ट का तार पूर्व से लगा हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मखनियाँ टोला में ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति

*424. श्री (मो0) नौशाद आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्ड अन्तर्गत पश्चिमी रामकृष्ण नगर स्थित मदर टेरेसा पथ से ज्योतिष पथ लिंक सड़क में श्री जयराम सिंह एवं अन्य अवस्थित उपभोक्ताओं को ओपेन तार द्वारा विद्युत् की आपूर्ति की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रामकृष्ण नगर मुहल्ला एक सघन आबादी वाला क्षेत्र है तथा ओपेन तार घर से सटकर गुजरती है, जिससे दुर्घटना का भय सदैव बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मुहल्ला में उपभोक्ताओं को केवल तार से विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*425. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में इनारगो कम्पनी द्वारा विद्युतीकरण का काम बन्द करने के कारण गत दो वर्षों से शाहकुंड एवं सुलतानगंज प्रखंडों के एक दर्जन से अधिक गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य लम्बित है, यदि हाँ, तो सरकार प्रश्न में वर्णित गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य कबतक पूरा कराना चाहती है ?

कार्य पूर्ण कराना

*426. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा विधान सभा क्षेत्र के टीमल बिगहा एवं छुछिया ग्राम में विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वहाँ विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दर्जा देने का विचार

*427. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखंड के जेठौर नाथ मंदिर एक धार्मिक स्थल के रूप में अवस्थित है, जहाँपर पर्यटन विभाग द्वारा यात्रियों के सुविधा हेतु धर्मशाला का निर्माण भी हो चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्थान को पर्यटक स्थल का दर्जा देने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जर्जर तार एवं पोल बदलना

*428. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अवस्थित विद्युत् उप-केन्द्र, रहुई के गंजपर-गोबरिया फीडर से संचालित 11,000 वोल्ट के विद्युत् तार एवं पोल ग्राम-डीहरा से रहीमपुर तक जर्जर अवस्था में रहने के कारण अक्सर टूटकर गिर जाने से विद्युतापूर्ति बाधित होते रहती है, जिससे ग्राम-रहीमपुर, गोबरिया, गंजपर, सलेमपुर, कुतुबपुरा आदि ग्रामों के किसानों एवं ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तार एवं पोल को बदलने हेतु खंड (1) में वर्णित ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता, बिहारशरीफ को बार-बार लिखित शिकायत किये जाने पर विभाग द्वारा वर्ष 2010, 2012 एवं 2016 में सर्वे भी कराये जाने के बावजूद आजतक तार एवं पोल नहीं बदला गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्राम-डीहरा से रहीमपुर तक जर्जर तार एवं पोल को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*429. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के बगुलाहा पंचायत के ग्राम-बड़हरा, संथालटोला, वार्ड नं0 16 में वर्ष 2016 में बिजली का खंभा गाड़ा गया लेकिन अबतक तार, ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया है, जिससे स्थानीय लोगों को बिजली का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वहाँ विद्युतीरण का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सौन्दर्यीकरण कराना

*430. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड मझौलिया के माधोपुर पंचायत में सरकारी तालाब स्थित है जिसका सौन्दर्यीकरण नहीं होने के कारण इसके अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तालाब के सौन्दर्यीकरण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुआवजा दिलाना

*431. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के प्रखंड दुल्हिनबाजार के ग्राम पंचायत लाला भदसारा के आजाद नगर टोला में सन्नी कुमार (उम्र 12 वर्ष), पिता सुगंध मोची की मृत्यु आहर/पईन में डूबने से दिनांक 3 सितम्बर, 2017 को हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मृतक के परिवार का नाम बी0पी0एल0 सूची में अंकित है एवं पोस्टमार्टम सहित अन्य सरकारी प्रक्रिया पूर्ण कर लेने के बावजूद आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मुआवजा राशि से वंचित कर दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि आपदा प्रबंधन विभाग के अधिसूचना में नदियों/तालाबों और गड्ढों में डूबने पर मुआवजा का प्रावधान है परन्तु आहर/पईन एवं नहर का जिक्र इसमें नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुआवजा की अधिसूचना को संशोधित करते हुये उक्त दलित परिवार को मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पर्यटन केन्द्र का दर्जा देना

*432. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखंड के ऐतिहासिक महत्व वाले गौतम ऋषि के गौतम कुंड स्थान का अभीतक पर्यटन केन्द्र का दर्जा नहीं दिया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस ऐतिहासिक महत्व वाले गौतम ऋषि के गौतम कुंड स्थान में प्रत्येक साल क्रमशः बसंत पंचमी, श्रावण मास एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों की भीड़ मेले में जुटती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गौतम ऋषि के गौतम कुंड स्थान को पर्यटन केन्द्र का दर्जा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण कराना

*433. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड के तिरहुत क्षेत्र के ग्राम-जटवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीण जनता को 7-8 कि0मी0 की दूरी तय कर नदी के उस पार पकड़िया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इलाज कराने के लिये जाना पड़ता है जिसे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थान पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*434. श्री विद्यासागर केसरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के रमई पंचायत के बलुआ मौजा में दो एकड़ भूमि अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के लिये उपलब्ध है जहाँ विगत पच्चीस साल पूर्व भवन बनायी गयी थी जिसमें डॉक्टर एवं ए0एन0एम0 पदस्थापित थे पर आज न वहाँ कोई भवन है और न कोई स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित स्थान पर भवन एवं स्वास्थ्य सेवा नहीं रहने के कारण बीमार लोग काफी दूरी तय कर फारबिसगंज रेफरल अस्पताल में अपना इलाज हेतु आते हैं जिससे बरसात के समय काफी परेशानी उठानी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थान पर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र पुनः स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*435. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कोचस के ग्राम-शंखबहुआरा के निवासी जुलेना खातुन का सड़क दुर्घटना ग्राम कथराईन के निवासी सूरज गोस्वामी का तड़ित चालक से एवं प्रखंड करगहर में ग्राम समहुता के निवासी बबलू खरवार (कहार) का सड़क दुर्घटना में क्रमशः अगस्त, 2016, अगस्त, 2017 एवं मई, 2016 में मृत्यु हो गयी थी परन्तु उक्त मृतकों के परिवार को आपदा विभाग से मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त मृत व्यक्तियों के परिवार को मुआवजा कबतक देने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समस्या से निजात

*436. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत डुमरीबुजुर्ग पंचायत के डुमरी गोला शिवमंदिर एवं गोपालपुर पंचायत के नाट्यकला मंच, हसनपुर के पास ट्राँसफार्मर लगा हुआ है किन्तु उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के चलते लो-भोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर अधिक क्षमता का ट्रॉसफार्मर लगाकर उपभोक्ताओं को लो-भोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*437. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत रानीगंज प्रखंड के बगुलाहा पंचायत के ग्राम घरबंधा में एक उप-स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 2004 से स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन अबतक निर्माण नहीं कराया गया है जबकि उसके पास 83 डिसमिल जमीन उपलब्ध है जिसका खाता नं0 678, खेसरा नं0 1037, थाना नं0 77, राजस्व मौजा-बड़हरा, अंचल-रानीगंज, राज्यपाल, बिहार नाम दर्ज है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*438. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंडान्तर्गत देवमलपुर पंचायत के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप केन्द्र, महुआ का भवन विगत 15-20 वर्षों से जर्जर अवस्था में है तथा वहाँ चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों की पदस्थापना नहीं की जा रही है जिससे वहाँ की जनता प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन को पुनर्निर्माण कराकर चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों को पदस्थापित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ब्लड बैंक की सुविधा

*439. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत जी0टी0 रोड के किनारे अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी में ब्लड बैंक की सुविधा नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ब्लड बैंक की सुविधा नहीं रहने से अक्सर जी0टी0 रोड पर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के इलाज में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी में ब्लड बैंक की सुविधा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थापित कराना

*440. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड के उधड़ा, महपाड़ा पंचायत के दाईग तथा मेकना, वेदा पंचायत के कपछाही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण गरीबों को इलाज हेतु 20 किलो मीटर दूर डी0एम0सी0एच0 जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दाईग तथा कपछाही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*441. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट विधान सभा क्षेत्र के बहेड़ी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-धनौली में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास 10 वर्ष पूर्व तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा किये जाने के बावजूद आजतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधाएँ उपलब्ध कराना

*442. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इसलामपुर विधान सभा क्षेत्र के बेले पंचायत के जैतीपुर बाजार में इसलामपुर-नालन्दा मुख्य सड़क पर अवस्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों का इलाज होता है तथा वहाँ से प्राथमिक एवं सदर अस्पताल की दूरी बहुत अधिक है जिससे इमरजेंसी मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की भाँति सुविधा उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की सारी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*443. श्री रवींद्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के कमता में तथा करपी प्रखंड के बेलखारा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

परियोजना पूर्ण कराना

*444. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया प्रखंड के मर्थौली नहर पर विद्युत् जल परियोजना का शुभारंभ वर्ष 2010 में किया गया था जिसका पूर्ण होने का समय वर्ष 2012 था जो आजतक अर्द्ध-निर्मित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्युत् जल परियोजना को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लटके तार को ठीक कराना

*445. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मंसूरचक, भगवानपुर के बछवाड़ा प्रखंडों में बिजली का तार पोल से नीचे लटक जाने से लोगों की जान-माल पर भारी खतरा मंडरा रहा है एवं आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार लटके तार को कबतक ठीक कराने का विचार रखती है ?

पदस्थापना करना

*446. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मसौढ़ी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत अनुमण्डलीय अस्पताल मसौढ़ी में शिशु रोग एवं हड्डी रोग सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, जिसके कारण आम आदमी को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था बहाल कराना

*447. श्री आनन्द शंकर सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या बल पर्याप्त नहीं है, जिससे आम जनता को इलाज में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत तीन वर्षों से सदर अस्पताल में एक्स-रे सीटी-स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड चालू अवस्था में नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के साथ एक्स-रे, सीटी-स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था बहाल कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू करना

*448. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के नवहट्टा प्रखंड अंतर्गत चन्द्रायण पंचायत में लगभग बीस साल पहले रेफरल अस्पताल बनकर तैयार हुआ था, जो अभी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल सुचारु रूप से चालू कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सरकारी दर्जा देना

*449. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत चमथा गंगाघाट पर प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास में कल्पवास मेला लगता है, जिसमें पूरे राज्य से हजारों श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यापति एवं राजा जनक की तपोभूमि उक्त कल्पवास मेला में मूलभूत सुविधा का अभाव रहने के कारण कल्पवासियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस संबंध में स्थानीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा समाहर्ता बेगूसराय को अवगत कराया जा चुका है, फिर भी इसे सरकारी दर्जा अभीतक अप्राप्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कल्पवास मेला को सरकारी दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

450. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के चन्दरापुर एवं दक्षिणी हुसैनी गाँव में आजादी के बाद से अभीतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, जिससे आम जनता अंधेरे में जीवनयापन करने को विवश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों का कबतक विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों पर कार्रवाई

*451. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में 12 नये विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कार्य M/S KRYPS Power components Ltd. Mumbai के द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें भारी अनियमितता हो रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कम्पनी के द्वारा क्यूव टेस्टिंग रिपोर्ट के विपरित स्थल पर दूसरा पोल लगाया जा रहा है, जिसके कारण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कम्पनी द्वारा की जा रही अनियमितता की जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*452. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव अनुमंडल अस्पताल में चिकित्सक के 29 पद स्वीकृत है, लेकिन मात्र 10 पद पर ही चिकित्सक पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र रोग चिकित्सक के अभाव में मरीजों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, साथ ही इलाज हेतु 35 किलोमीटर की दूरी तय कर भागलपुर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अनुमंडल अस्पताल में उपर्युक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित सृजित पदों पर चिकित्सकों के पदस्थापन का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार

*453. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के पड़रिया पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत दस वर्षों से जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण मरीजों का उपचार करने में डॉक्टरों को काफी दिक्कत होती है, एवं दुर्घटना की आशंका बनी रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन को जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सौन्दर्यीकरण का विचार

*454. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में पंचकोसी परिक्रमा के अंतर्गत आने वाले तालाब सभी ऋषियों एवं महर्षियों के नाम पर हैं, जिनमें भार्गवाश्रम, नारदाश्रम, याज्ञवल्य, अंजनी सरोवर एवं कवलदेह पोखर शामिल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त वर्णित तालाबों की चहारदीवारी एवं सौन्दर्यीकरण नहीं की गयी है तथा पर्यटन सुविधाओं का अभाव है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी तालाबों का चहारदीवारी एवं सौन्दर्यीकरण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कॉलेज खोलना

*455. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में सरकार द्वारा समस्तीपुर जिला में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया था, जो जमीन अधिग्रहण नहीं होने के कारण लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखण्ड अन्तर्गत टभका में सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त भूमि पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक स्थल विकसित करना

*456. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास प्रखण्ड में कैमूर पहाड़ी पर अवस्थित कशिश झरना, नौहट्टा प्रखण्ड में बाबा महादेव खोह झरना, तिलौथु प्रखंड में माँ तुतुला भवानी स्थल पर हजारों-हजार की संख्या में पर्यटक (श्रद्धालु) पूजा अर्चना करने एवं पिकनिक मनाने प्रतिदिन जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि कशिश झरना, बाबा महादेव खोह, माँ तुतुला भवानी स्थल पर कोई बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन स्थलों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध हुये पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*457. श्री हरि शंकर यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखण्ड के गोपालपुर पंचायत के बाकरगंज (मलिकान) में 63 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाने से कम भोल्टेज एवं बार-बार फ्यूज उड़ने की समस्यायें विगत दो वर्षों से बनी हुयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अधिक क्षमता वाला ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

टांसफॉर्मर की व्यवस्था

*458. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड रूपौली एवं कोठिया नलकूप ट्रांसफार्मर के अभाव में विगत 4 वर्षों से बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप में ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, सीतामढ़ी के पत्रांक 1312, दिनांक 13 अगस्त, 2016 पत्रांक 1435, दिनांक 5 सितम्बर, 2016, पत्रांक 1633, दिनांक 15 अक्टूबर, 2016 एवं पत्रांक 1762, दिनांक 16 नवम्बर, 2016 द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत् प्रोजेक्ट सीमामढ़ी एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, सीतामढ़ी को पत्र लिखा गया है, फिर भी आजतक उक्त नलकूपों को चालू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नलकूपों के लिये ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

घोषणा पूर्ण कराना

*459. श्री (डॉ०) फैयाज अहमद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जी के द्वारा महान विभूति विद्यापति के जन्म स्थली बिस्फी में विद्यापति स्मृति पर्व को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गयी थी, उक्त घोषणा के उपरान्त एक वर्ष राजकीय समारोह के रूप में मनाया गया है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार विद्यापति स्मृति पर्व को पुनः हर वर्ष राजकीय समारोह के रूप में मनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस का परिचालन

*460. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखण्ड अंतर्गत प्राचीन विक्रमशीला विश्वविद्यालय एवं उत्तर वाहिनी गंगा तट पर धार्मिक स्थल बाबा बटेश्वर स्थान अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्थलों पर काफी मात्रा में देश विदेश के पर्यटक प्रत्येक वर्ष आते हैं पर पटना से उक्त पर्यटन स्थल के लिये पर्यटन विभाग द्वारा सरकारी बसों का परिचालन नहीं होने से पर्यटकों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना से उक्त पर्यटक स्थलों के लिये पर्यटन निगम की बसों का परिचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों का पदस्थापन

*461. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा रेफरल अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक एवं अम्बा ए०पी०एच०सी० में एम०बी०बी०एस० चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा विभागीय मंत्री एवं प्रधान सचिव को पत्रांक क्रमश 441, 442, दिनांक 12 अक्टूबर, 2017 द्वारा इस विषय पर पत्र भी लिखा गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक एँवं चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*462. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तगत तुरकौलिया प्रखण्ड का मथुरापुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र, मोतिहारी सदर हॉस्पीटल तथा तुरकौलिया अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र से क्रमशः 15 एवं 12 कि०मी० दूर पर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सदर हॉस्पीटल एवं अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र दूर होने के कारण गरीब मरीज एवं आम जनता को इलाज में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मथुरापुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित कर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

फिजीयोथिरेपी की व्यवस्था कराना

*463. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में प्रखण्ड स्तर के चिकित्सालयों में फिजियोथेरापिस्ट नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्र के रोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के सामुदायिक स्वा० केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर फिजियोथेरपी की व्यवस्था कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दवाइयाँ उपलब्ध कराना

*464. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अलता (APHC) में डॉक्टर का पदस्थापन नहीं होने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई हो रही है तथा मरीजों को जरूरी दवाइयाँ भी नहीं मिल पा रही है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अलता में चिकित्सक के पदस्थापन एवं आवश्यक दवाइयों को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*465. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ रेफरल अस्पताल में मानक के आधार पर 2014 से आजतक मरीजों को न तो दवा ही दिया जाता है और ना ही तौलिया, कम्बल, बेडशीट आदि की आपूर्ति करायी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में एग्रीमेंट के आधार पर उक्त सामग्रियों की आपूर्ति नहीं होने से रोगियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विषय की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*466. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी विधान सभा के प्रखण्ड चेनारी एवं शिवसागर में विधायक विकास मद से वर्ष 2005 से 2015 तक अनुशंसित योजना यथा सामुदायिक भवन, चेनारी डाकबंगला का निर्माण एवं अन्य योजनाएँ रहने के कारण अभीतक निर्माणाधीन है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे योजनाओं की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराना

*467. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के कठौर गाँव में स्थित नलकूप में दो पोल का तार कटा हुआ है एवं परसौनी ग्राम के नलकूप ट्रांसफॉर्मर के अभाव में विगत 5 वर्षों से बंद हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप को चालू करने के लिये विद्युत् पोल एवं ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, सीतामढ़ी के पत्रांक 1312, दिनांक 13 अगस्त, 2016 एवं पत्रांक 1435, दिनांक 5 सितम्बर, 2016 द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, सीतामढ़ी एवं कार्यपालक विद्युत् अभियंता, विद्युत् प्रोजेक्ट, सीतामढ़ी को पत्र लिखने के बाद उक्त नलकूपों को विद्युत् दोष दूरकर चालू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नलकूपों तक तार एवं ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

विकसित करना

*468. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखण्ड में गंगा नदी पर कढ़ागोला घाट है, जहाँ सिखों के 10वें गुरू गोविन्द सिंह की पूजा अर्चना तथा हिन्दुओं के प्रसिद्ध पर्व छठ पूजा कार्तिक पूर्णिमा एवं माघ पूर्णिमा पर बड़े पैमाने पर प्रतिवर्ष मेला लगता है जिसे देखने के लिये देश के हरेक क्षेत्र से श्रद्धालु आते हैं जिलाधिकारी, कटिहार के पत्रांक 532, दिनांक 11 मई, 2007 के माध्यम से अपर सचिव, पर्यटन विभाग को इस पर्यटन स्थल के विकास हेतु पत्र लिया गया था ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कढ़ागोलाघाट को पर्यटन स्थल के रूप में कबतक विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् की आपूर्ति

*469. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया एवं बौंसी प्रखण्ड में विद्युत् आपूर्ति हेतु सभी गाँवों के विद्युतीकरण का कार्य वर्ष 2015 से प्रारंभ किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बौंसी प्रखण्ड एवं कटोरिया प्रखण्ड के जयपुर लकरमा, कटियारी सहित पन्द्रह ग्रामों में ट्रांसफॉर्मर से तार नहीं जोड़ा गया है, जिससे ग्रामीणों को विद्युत् आपूर्ति नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्धता सुनिश्चित कराना

*470. श्रीमती वर्षा रानी- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, भागलपुर पूर्वी बिहार का बड़ा अस्पताल है जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज हेतु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त अस्पताल के इमरजेंसी में अभी वर्तमान में मात्र 30 बेड होने के कारण मरीजों का इलाज जमीन पर लेटाकर करना पड़ता है, जबकि अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को 30 बेड से 100 बेड में उत्क्रमित होने हेतु सभी संसाधन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में 100 बेड की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

471. डॉ0 फराज फातमी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी एवं सिघवाड़ा प्रखण्ड के सभी पंचायत अगस्त, 2017 में आई बाढ़ से पूर्णरूप से प्रभावित हुये, जिसमें आमजन को भारी नुकसान हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत वितरण में गड़बड़ी हुई है, केवटी प्रखण्ड के शरजापुर एवं छतवन पंचायतों में पिड़ित परिवार को राहत राशि नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो छूटे हुये पंचायतों के परिवार को राहत राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*472. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड स्थित क्रमशः कुम्हरा विशनपुर पंचायत के ग्राम-हरिहरपुर एवं मिश्रौलिया पंचायत के ग्राम-कैथरिया में 500 वर्ष पुराना शिव मंदिर है जहाँ प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधा के अभाव में श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित दोनों स्थलों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली उपलब्ध कराना

*473. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के गोलमा पश्चिमी पंचायत के वार्ड नं0 1 एवं 7 में अभीतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, जिसके कारण महादलित परिवार बिना बिजली के जीवन गुजारने के लिए बाध्य है, जबकि उक्त पंचायत को वर्ष 2014-15 में विद्युतीकरण योजना में शामिल किया जा चुका है ;

(2) यदि उक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पतरघाट प्रखण्ड के गोलमा पश्चिमी पंचायत के वार्ड नं0-1 एवं 7 में कबतक पोल गाड़कर बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुदान की राशि देना

*474. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, आपदा प्रबन्धन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत जलालपुर प्रखंड के ग्राम-समहौता के पुष्पराज, पिता राकेश सिंह की आकस्मिक मौत पानी में डूबने के कारण दिनांक 15 अगस्त, 2017 को हो गयी थी, ग्रामीणों एवं परिवार के लोगों द्वारा धरना के बाद भी आजतक आपदा अनुदान की राशि मृतक के परिजनों को नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक डूबकर मरने वाले के परिजनों को अनुदान राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*475. <u>डॉ0 रामप्रीत पासवान</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खजौली में डॉ0 टी0 के0 राय (श्री तुषार कांत राय) प्रभारी 12 (बारह) वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित हैं जो बराबर कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहा करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड के मुख्यालय में यह मात्र एक अस्पताल है जहाँ जयनगर के छ: पंचायतों सहित बाबूबरही प्रखंड के कमला बाँध के पश्चिम के लोग इलाज के लिये आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ऐसे प्रभारी चिकित्सक के स्थान पर कर्तव्यनिष्ठ प्रभारी चिकित्सक को कबतक पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*476. <u>श्री जितेन्द्र कुमार</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ एवं बिन्द प्रखंड में स्थित रेफरल अस्पतालों में एक-एक पद स्वास्थ्य प्रबंधक का स्वीकृत है परन्तु उक्त दोनों अस्पतालों में अस्पताल के एकाउन्टेन्ट ही स्वास्थ्य प्रबंधकों के प्रभार में हैं जिससे उक्त रेफरल अस्पतालों में कार्य संतोषजनक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार नियमानुसार उक्त दोनों रेफरल अस्पतालों में स्वास्थ्य प्रबंधक की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डॉक्टर का पदस्थापन

*477. <u>डॉ0 विनोद प्रसाद यादव</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड के ग्राम-महआवां में कार्यरत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण जर्जर सामुदायिक भवन में चल रहा है एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर भी पदस्थापित नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन एवं डॉक्टर नहीं रहने से उक्त इलाका के मरीजों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आमस प्रखंड के ग्राम-महआवां में कार्यरत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण एवं डॉक्टर का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

*478. <u>श्री नरेन्द्र नारायण यादव</u>--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत अंचल आलमनगर, अंचल चौसा, अंचल पुरैनी, अंचल उदाकिशुनगंज में वर्ष 2017-18 के बाढ़पीड़ितों को आवंटन के आभाव में अभीतक पूर्ण रूप से 6,000 रु0 की राशि नहीं मिल पाई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अंचलों में शेष बचे बाढ़पीड़ितों को 6,000 रु0 का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*479. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, यादोपुर में विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं रहने तथा भवन के जर्जर रहने के कारण मरीजों की समुचित चिकित्सा नहीं हो पाती है और वे निजी चिकित्सकों/नर्सिंग होम्स में जाने के लिये विवश होते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, यादोपुर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने तथा जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है ?

--------

क्षमता बढ़ाना

*480. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड मझौलिया में टोला मझौलिया एवं सतभीड़वा में जर्जर तार एवं कम क्षमता वाला विद्युत् ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है जिससे हमेशा लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त जर्जर तार को बदलने एवं विद्युत् ट्रांसफॉर्मर के क्षमता को बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सब-स्टेशन का निर्माण

*481. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नवहट्टा प्रखंड के डरहार में विद्युत् सब-स्टेशन निर्माण हेतु दो वर्ष पूर्व ही सरकार की स्वीकृति मिली थी, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान

*482. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के अग्नि पीड़ित परिवारों को वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में मुआवजा की एक ही किस्त का भुगतान किया गया है जबकि मुआवजा का भुगतान दो किश्तों में किया जाना है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पीड़ित परिवारों को मुआवजा की राशि का दूसरे किस्त का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 1 दिसम्बर, 2017 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 69-डी0टी0पी0-550